"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 21] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 20 मई 2016—वैशाख 30, शक 1938

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 30 अप्रैल 2016

क्रमांक ई-1-1/2016/एक/2.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री के. डी. पी. राव, भा.प्र.से. (1988), अध्यक्ष, छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त अध्यक्ष, छ.ग. राजस्व मंडल के पद पर पदस्थ करता है.

2. श्री सुब्रत साहू, भा.प्र.से. (1992), सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग को उनके वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त अध्यक्ष, छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विवेक ढाँड, मुख्य सचिव.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2016.

गृह-सी विभाग
(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

रायपुर, दिनांक 26 मार्च 2015

विभागीय परीक्षा माह अगस्त, 2016 का सूचना तथा कार्यक्रम

क्रमांक एफ 09-57/गृह-सी/परीक्षा/2016.—छत्तीसगढ़ शासन के उन अधिकारियों को (जिनके लिये विभागों द्वारा विभागीय परीक्षा निर्धारित की गई हो) विभागीय परीक्षा सोमवार, दिनांक 01 अगस्त, 2016 से 06 अगस्त, 2016, तक रायपुर/बिलासपुर/बस्तर (जगदलपुर) तथा सरगुजा (अंबिकापुर) संभाग के आयुक्तों द्वारा नियत किये जाने वाले स्थानों में निम्नांकित कार्यक्रमों के अनुसार होगी. नीचे सूची में दर्शाये अनुसार संबंधित विभाग/विभागाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष अपनी जानकारी उपरोक्तानुसार अपने परीक्षा केन्द्रों के आयुक्तों को उपलब्ध करायें.

सोमवार, दिनांक 01-08-2016

क्रमांक (1)	प्रश्न पत्र (2)	समय (3)
1.	पहला प्रश्न पत्र दाण्डिक विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) भू-अभिलेख एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिए.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
2.	पंजीयन विधि तथा प्रक्रिया पंजीयन विभाग के अधिकारियों के लिये (केवल अधिनियम तथा नियम की पुस्तकों सहित)	
3.	विधि तथा प्रक्रिया-उत्पादन शुल्क/आबकारी विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	
4.	विधि तथा प्रक्रिया-विक्रय कर विभाग के अधिकारियों के लिये (केवल नियमों की पुस्तकों सहित)	
5.	पहला प्रश्न पत्र-सहकारिता (बिना पुस्तकों के) सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये	
59.	विद्युत संबंधी विधियां-ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के लिये (बिना पुस्तकों के)	
	सोमवार, दिनांक 01-08-2016	
6.	दूसरा प्रश्न पत्र-दाण्डिक विधि तथा प्रक्रिया दाण्डिक मामलों में आदेश/निर्णय का लिखा जाना भू-अभिलेख विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिये.	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
7.	दूसरा प्रश्न पत्र सहकारिता तथा सामान्य विधि (पुस्तकों सहित) सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये.	
8.	समाज कल्याण (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये	
60.	भू-योजना तथा विद्युत सुरक्षा-ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री एवं पर्यवेक्षकों के लिये (बिना पुस्तकों के)	

मंगलवार, दिनांक 02-08-2016

(1)	(2)	(3)
9.	पहला प्रश्न पत्र-प्रशासनिक राजस्व विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) भाग-"ए" आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
10.	पहला प्रश्न पत्र प्रशासनिक राजस्व विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) राजस्व भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये भाग-"बी".	
11.	पहला प्रश्न पत्र प्रशासनिक राजस्व विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) राजस्व भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये भाग-"सी".	
12.	उद्योग विभाग संबंधी अधिनियम तथा नियम उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिये	
13.	प्रश्न पत्र-खनिज प्रबंध (पुस्तकों सहित) (नैसर्गिक संसाधन) खनिज साधन विभाग के अधिकारियों के लिये.	
14.	लेखा तथा कार्यालयीन प्रक्रिया-प्रथम प्रश्न पत्र पंजीयन विभाग के अधिकारियों के लिये (बिना पुस्तकों के).	
61.	विद्युत संस्थापनायें ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री एवं पर्यवेक्षकों के लिये (बिना पुस्तकों के)	
66.	प्रथम प्रश्न पत्र लेखा, सहायक संचालक संवर्ग, बाल विकास परियोजना एवं तृतीय श्रेणी कार्यपालिक (पर्यवेक्षक इत्यादि) के अधिकारियों के लिये (बिना पुस्तकों की सहायता से)	

मंगलवार, दिनांक 02-08-2016

(1)	(2)	(3)
15.	दूसरा प्रश्न पत्र-प्रशासनिक राजस्व विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) राजस्व भू-अभिलेख आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
16.	प्रक्रिया विकास योजनाओं राज्यों के साधनों राज्य के नियम पुस्तिकाओं आदि का ज्ञान उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	
17.	तीसरा प्रश्न पत्र बैंकिंग (बिना पुस्तकों के) सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये	
18.	समाज शिक्षा (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये	
19.	लेखा तथा कार्यालयीन प्रक्रिया-द्वितीय प्रश्न पत्र पंजीयन विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	
62.	लेखा व स्थापना ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री एवं पर्यवेक्षकों के लिये (बिना पुस्तकों के)	
67.	द्वितीय प्रश्न पत्र लेखा, सहायक संचालक संवर्ग, बाल विकास परियोजना एवं तृतीय श्रेणी कार्यपालिक (पर्यवेक्षक इत्यादि) के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	

बुधवार, दिनांक 03-08-2016

(1)	(2)	(3)
20.	तीसरा प्रश्न पत्र-प्रशासनिक, राजस्व विधि तथा प्रक्रिया, राजस्व के मामले में आदेश का लिखा जाना, राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
21.	पुस्तपालन तथा कर निर्धारण विक्रयकर विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	
22.	प्रश्न पत्र प्रथम वन विधि (बिना पुस्तकों के) सहायक वन संरक्षकों के लिये	
23.	पहला प्रश्न पत्र-प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) वन क्षेत्रपालों के लिये	
24.	पुलिस अधिकारियों की "व्यवहारिक शाखा" प्रश्न पत्र	
63.	स्विच गेयर तथा संरक्षण ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्रियों के लिये (बिना पुस्तकों के)	
68.	तृतीय प्रश्न पत्र महिला कल्याण एवं सशक्तिकरण, सहायक संचालक संवर्ग, बाल विकास परियोजना एवं तृतीय श्रेणी कार्यपालिक (पर्यवेक्षक इत्यादि) के अधिकारियों के लिये (बिना पुस्तकों की सहायता से)	

बुधवार, दिनांक 03-08-2016

(1)	(2)	(3)
25.	कार्यालयीन संगठन तथा प्रक्रिया-विक्रयकर विभाग के अधिकारियों के लिये	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
26.	सिविल विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये.	
27.	पुलिस अधिकारियों की "पुलिस शाखा" प्रश्न पत्र (बिना पुस्तकों के)	
28.	दूसरा प्रश्न पत्र-सामान्य विधि (पुस्तकों सहित) सहायक वन संरक्षकों के लिये.	
29.	तीसरा प्रश्न पत्र सामान्य विधि (पुस्तकों सहित) वन क्षेत्रपालों के लिये.	
30.	स्थानीय शासन अधिनियम तथा नियम (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	
31.	चौथा प्रश्न पत्र सहकारी लेखा तथा परीक्षण (बिना पुस्तकों के) भाग-1 लेखा एवं भाग-2 सहकारिता लेखा परीक्षण सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये.	
32.	समाज शास्त्र (पुस्तकों सहित) आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	
64.	विद्युत रोधन समन्यवय तथा परिसंकट ग्रस्ट इंशूलेशन को-आर्डिनेशन व हजार्ड एस. एरिया ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री (वि. सु.) के लिये (बिना पुस्तकों के)	
69.	चतुर्थ प्रश्न पत्र बाल संरक्षण, देखभाल, कल्याण एवं विकास, सहायक संचालक संवर्ग, बाल विकास परियोजना एवं तृतीय श्रेणी कार्यपालिक (पर्यवेक्षक इत्यादि) के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों की सहायता से)	

गुरुवार, दिनांक 04-08-2016

(1)	(2)	(3)
33.	प्रथम प्रश्न पत्र-लेखा (बिना पुस्तकों के) सहायक कलेक्टरों, डिप्टी कलेक्टरों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों तथा राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिये.	
34.	प्रश्न पत्र-प्रथम लेखा (बिना पुस्तकों के) आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये	
35.	प्रश्न पत्र-प्रथम लेखा (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	
36.	प्रश्न पत्र न्यायिक शाखा (बिना पुस्तकों के) पुलिस विभाग के अधिकारियों के लिये	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
37.	लेखा (पुस्तकों सहित) उत्पाद शुल्क/आबकारी विभाग के अधिकारियों के लिये	
38.	लेखा (लेखा पुस्तकों सहित) आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों के लिये	
39.	लेखा (पुस्तकों सहित) उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिये	
40.	लेखा (पुस्तकों सहित) नैसर्गिक संसाधन विभाग के अधिकारियों के लिये	
	गुरुवार, दिनांक 04-08-2016	
41.	लेखा (पुस्तकों सहित) जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के लिये	
42.	द्वितीय प्रश्न पत्र लेखा (पुस्तकों सहित) डिप्टी कलेक्टरों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों एवं राजस्व तथा भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिये.	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
43.	द्वितीय प्रश्न पत्र लेखा (पुस्तकों सहित) आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये	
44.	द्वितीय प्रश्न पत्र लेखा (पुस्तकों सहित) पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये	
	शुक्रवार, दिनांक 05-08-2016	
45.	सिविल पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों के लिये प्रश्न पत्र भाग-1 (बिना पुस्तकों के) पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के लिये.	
46.	प्रथम प्रश्न पत्र लेखा भाग-1 मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों के लिये (बिना पुस्तकों के)	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
47.	प्रथम प्रश्न पत्र लेखा (पुस्तकों सहित) कृषि सेवा कार्यपालन प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के अधिकारियों के लिये.	
48.	प्रथम प्रश्न पत्र विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) डेयरी विभाग के अधिकारियों के लिये	
49.	प्रश्न पत्र-द्वितीय छत्तीसगढ़ मूलभूत तथ्य और ग्रामीण विकास, जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	

(1)	(2)	(3)
50.	द्वितीय प्रश्न पत्र लेखा (बिना पुस्तकों के) वन क्षेत्रपालों के लिये	
65.	पंचायत राज प्रशासन (विधि तथा प्रक्रिया) सहायक कलेक्टरों, डिप्टी कलेक्टरों, तहसीलदारों, अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, जिला कार्यालय के अधीक्षक, ग्रामीण विकास विभाग के विकास खण्ड अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक, क्षेत्र संयोजक, विकास खंड अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के लिये.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
	शुक्रवार, दिनांक 05-08-2016	
51.	सिविल पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों का लेखा प्रश्न पत्र भाग-2 पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	
52.	प्रश्न पत्र लेखा भाग-2 मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों के लिये	
53.	सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये किसी मामले में आदेश/प्रतिवेदन लिखने की व्यवहारिक परीक्षा (पुस्तकों सहित)	दोपहर 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
54.	तृतीय प्रश्न पत्र प्रक्रिया तथा लेखा (पुस्तकों सहित) सहायक वन संरक्षकों के लिये	
55.	द्वितीय प्रश्न पत्र लेखा (बिना पुस्तकों के) कृषि कार्यपालन प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी के अधिकारियों के लिये.	
56.	द्वितीय प्रश्न पत्र लेखा तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) डेयरी विकास विभाग के अधिकारियों के लिये	
57.	प्रश्न पत्र तृतीय अनु. जाति तथा आदिवासी (अनु. जनजाति) विकास, जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	
	शनिवार, दिनांक 06-08-2016	
58.	हिन्दी निबंध तथा हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद सभी विभागों के अधिकारियों के लिये	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.

नोट :-

1. सहायक कलेक्टरों, डिप्टी कलेक्टरों, राज्य के अधीनस्थ सिविल सेवाओं के सदस्य, भू-अभिलेख कर्मचारियों तथा कलेक्टरों और राजस्व आयुक्तों के कार्यालय के अधीक्षकों को सूचित किया जावे कि विभागीय परीक्षा गृह विभाग द्वारा नये संशोधित नियमों के अन्तर्गत प्रसारित अधिसूचना क्रमांक एफ 3-54/98/दो-ए (3), दिनांक 19-03-99 एवं एफ 3-102/90/दो-ए (3) के पाठ्यक्रम के अनुसार होगी. नये नियमों के अन्तर्गत पंचायत राज प्रशासन विधि एवं प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न भी अनिवार्य रूप से रखा गया है.

2. उम्मीदवारों को सूचित किया जावे कि जिन प्रश्न पत्रों में पुस्तकों की सहायता ली जाना है, उन्हें विभागीय परीक्षा के लिये कलेक्टर कार्यालय से पुस्तकें नहीं दी जावेंगी. उन्हें अपनी स्वयं की पुस्तकें लानी होगी.

3. सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को जो परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक हों, अपना नाम उचित माध्यम से सीधे अपने विभागाध्यक्षों को भेजना चाहिये. यह भी स्पष्ट किया जावे कि परीक्षार्थी राजपत्रित/अराजपत्रित है, का भी उल्लेख किया जावे.

4. सामान्य प्रशासन विभाग (हरिजन आदिवासी सेल) के ज्ञापन क्रमांक 1/15/77/-1/ह.स. से दिनांक 15 जनवरी, 1978 के अनुसार विभागीय परीक्षा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों को उत्तीर्ण होने के लिये 10 प्रतिशत अंकों तक छूट दी जाती है. अत: ऐसे परीक्षार्थी तत्संबंध में अपना प्रमाण-पत्र अपने संबंधित परीक्षा केन्द्र के आयुक्तों को प्रस्तुत करेंगे.

इन प्रमाण-पत्रों को गृह (सामान्य) विभाग, (विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ) को नहीं भेजे जावें. संबंधित विभागाध्यक्ष/ जिलाध्यक्ष/परीक्षा में भाग लेने वाले व्यक्तियों की आवेदन/सूची के साथ प्रमाण पत्र संबंधित परीक्षा केन्द्रों के आयुक्तों को दिनांक 11-07-2016 तक भेजेंगे. जिन परीक्षार्थियों द्वारा प्रमाण-पत्र विभागाध्यक्षों के माध्यम से संबंधित परीक्षा केन्द्र आयुक्त को प्रस्तुत नहीं किये जावेंगे, उन्हें इस प्रकार की सुविधा प्राप्त नहीं होगी. ये प्रमाण-पत्र आयुक्त कार्यालय में रखे जावेंगे.

5. समस्त परीक्षा केन्द्र आयुक्तों से निवेदन है कि परीक्षा में सम्मिलित जिन परीक्षार्थियों द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रमाण-पत्र उन्हें प्राप्त होंगे, उनको शासन को भेजे जाने वाली सूची में स्पष्ट रूप से उल्लेख करें.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अरूण देव गौतम, सचिव.

ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 10 मई 2016

क्रमांक 1554/एफ 21/01/2016/13/2.—राज्य शासन, छत्तीसगढ़ राज्य की विद्युत कंपनियों में डायरेक्टर के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु जारी विज्ञापन क्रमांक 1214/एफ 21/01/2016/13/2 दिनांक 31-03-2016 को प्रशासनिक कारणों से तत्काल प्रभाव से एतद्द्वारा निरस्त करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. एस. रत्नम, संयुक्त सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 28 अप्रैल 2016

क्रमांक एफ 7-17/2016/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उप धारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए खोंगापानी-झगराखाण्ड-नईलेदरी निवेश क्षेत्र जिला-कोरिया का गठन करता है, जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चित की गई है :—

अनुसूची

खोंगापानी-झगराखाण्ड-नईलेदरी निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम झगराखाण्ड, खोंगापानी, नारायणपुर उर्फ तेन्दुडांड एवं परसागढ़ी ग्रामों की उत्तरी सीमा तक.
पूर्व में : ग्राम परसागढ़ी ग्राम की पूर्वी सीमा तक.
दक्षिण में : ग्राम परसागढ़ी, नारायणपुर उर्फ तेन्दुडांड, गिद्धडांड, झगराखाण्ड, नईलेदरी एवं पुरानी लेदरी ग्रामों की दक्षिणी सीमा तक.
पश्चिम में : ग्राम झगराखाण्ड ग्राम की पश्चिमी सीमा तक.

नया रायपुर, दिनांक 28 अप्रैल 2016

क्रमांक एफ 7-18/2016/32.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्रमांक 23 सन् 1973) की धारा 13 की उप धारा (1) के अंतर्गत राज्य शासन एतद्द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए प्रेमनगर निवेश क्षेत्र जिला-सूरजपुर का गठन करता है, जिसकी सीमाएं नीचे दी गई अनुसूची में परिनिश्चित की गई है :—

अनुसूची

प्रेमनगर निवेश क्षेत्र की सीमाएं

उत्तर में : ग्राम लक्ष्मणपुर, प्रेमनगर एवं नमना ग्रामों की उत्तरी सीमा तक.
पूर्व में : ग्राम नमना एवं चन्दननगर ग्रामों की पूर्वी सीमा तक.
दक्षिण में : ग्राम चन्दननगर, अभयपुर, रघुनाथपुर, प्रेमनगर एवं लक्ष्मणपुर ग्रामों की दक्षिणी सीमा तक.
पश्चिम में : ग्राम लक्ष्मणपुर की पश्चिमी सीमा तक.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेजीना टोप्पो, संयुक्त सचिव.

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 2 मई 2016

क्रमांक एफ 1-2/2016/18.—छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 (क्रमांक 23 सन् 1956) की धारा 433 के साथ पठित धारा 25-क द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम (पार्षदों को पारिश्रमिक तथा भत्ते) नियम 1995 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त नियमों में, नियम 3 के स्थान पर निम्नलिखित नियम स्थापित किया जाए, अर्थात् :—

3. **पारिश्रमिक तथा बैठकों के लिये दैनिक भत्ता**—नगर पालिक निगम के महापौर, अध्यक्ष तथा पार्षद को पारिश्रमिक तथा बैठकों के लिए दैनिक भत्ता निम्नलिखित दरों पर देय होगा :—

(क) महापौर — रुपये 13000.00 पारिश्रमिक तथा रुपये 4000.00 सत्कार भत्ता प्रतिमाह

(ख) अध्यक्ष (स्पीकर) — रुपये 11000.00 पारिश्रमिक तथा रुपये 2000.00 सत्कार भत्ता प्रतिमाह

(ग) पार्षद — रुपये 7500.00 पारिश्रमिक प्रतिमाह

(घ) निगम तथा उसकी समितियों की बैठकों में भाग लेने के लिए महापौर, अध्यक्ष, पार्षद तथा संबंधित वार्ड समिति की बैठकों में भाग लेने के लिये महापौर द्वारा वार्ड समिति में नाम निर्दिष्ट किये गये सदस्य 225.00 रुपये प्रति बैठक की दर से, जो 900.00 रुपये प्रतिमाह से अधिक नहीं होगा, दैनिक भत्ता प्राप्त करने के हकदार होंगे:

परंतु एक दिन में एक से अधिक बैठकों में भाग लेने के लिए उसे एक से अधिक भत्ता प्राप्त करने की पात्रता नहीं होगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जितेन्द्र शुक्ला, संयुक्त सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 2 मई 2016

क्रमांक एफ 1-2/2016/18.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 1-2/2016/18 दिनांक 02-05-2016 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जितेन्द्र शुक्ला, संयुक्त सचिव.

Naya Raipur, the 2nd May 2015

No. F 1-2/2016/18 :: In exercise of the powers conferred by Section 433 read with section 25-A of the Chhattisgarh Municipal Corporation Act, 1956 (No. 23 of 1956), The State Government, hereby, makes the following amendment in the Chhattisgarh Municipal Corporation (Remuneration and Allowances of Councillors) Rules 1995, namely :—

AMENDMENT

In the said rules, for rule 3, the following rule shall be substituted, namely:—

3. **Remuneration and daily allowance for meetings—** The Remuneration and daily allowance for meetings shall be payable to Mayor, Speaker and Councillor of every Municipal Corporation shall be at the following Rates :—

(a) Mayor — Rs. 13000.00 remuneration and Rs. 4000-00 entertainment allowance, per month

(b) Speaker — Rs. 11000.00 remuneration and Rs. 2000-00 entertainment allowance, per month

(c) Councillor — Rs. 7500.00 remuneration per month

(d) For participating in the meetings of the Corporation and its Committees, the Mayor, Speakers, Councillor and the members nominated by Mayor in the Ward Committee for participating in the meetings of the concerned Wards Committee, a daily Allowance at the rate of Rs. 225.00 per meeting not exceeding, Rs. 900.00 per month, shall be entitled to receive :

Provided that participating for more than on meeting in a day, he shall not be eligible to get more than one allowance.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
JITENDRA SHUKLA, Joint Secretarty.

नया रायपुर, दिनांक 2 मई 2016

क्रमांक एफ 1-2/2016/18.—छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1961 (क्रमांक 37 सन् 1961) की धारा 355 के साथ पठित धारा 353 एवं 356 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ नगर पालिका (पार्षदों को पारिश्रमिक तथा भत्ते) नियम 1995 में निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त नियमों में, नियम 3 के स्थान पर निम्नलिखित नियम स्थापित किया जाए, अर्थात् :—

3. **पारिश्रमिक तथा बैठकों के लिये दैनिक भत्ता—**नगर पालिका तथा नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा पार्षदों को पारिश्रमिक तथा बैठकों के लिए दैनिक भत्ता निम्नलिखित दरों पर देय होगा :—

(1) नगर पालिका परिषदों की दशा में—

(क) अध्यक्ष (स्पीकर) — रुपये 4000.00 पारिश्रमिक तथा रुपये 2000.00 सत्कार भत्ता प्रतिमाह

(ख) उपाध्यक्ष — रुपये 3000.00 पारिश्रमिक तथा रुपये 1000.00 सत्कार भत्ता प्रतिमाह

(ग) पार्षद — रुपये 2500.00 पारिश्रमिक प्रतिमाह

(घ) परिषद् तथा उसकी समितियों की बैठकों में भाग लेने के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद तथा संबंधित वार्ड समिति की बैठकों में भाग लेने के लिये अध्यक्ष द्वारा वार्ड समिति में नाम निर्दिष्ट किये गये सदस्य 195.00 रुपये प्रति बैठक की दर से, जो 375.00 रुपये प्रतिमाह से अधिक नहीं होगा, दैनिक भत्ता प्राप्त करने के हकदार होंगे:

परंतु एक दिन में एक से अधिक बैठकों में भाग लेने के लिए उसे एक से अधिक भत्ता प्राप्त करने की पात्रता नहीं होगी.

(2) नगर पंचायतों की दशा में—

(क) अध्यक्ष (स्पीकर) — रुपये 3000.00 पारिश्रमिक तथा रुपये 1400.00 सत्कार भत्ता प्रतिमाह

(ख) उपाध्यक्ष — रुपये 2500.00 पारिश्रमिक तथा रुपये 1000.00 सत्कार भत्ता प्रतिमाह

(ग) पार्षद — रुपये 2000.00 पारिश्रमिक प्रतिमाह

(घ) परिषद् तथा उसकी समितियों की बैठकों में भाग लेने के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, तथा संबंधित वार्ड समिति की बैठकों में भाग लेने के लिये अध्यक्ष द्वारा वार्ड समिति में नाम निर्दिष्ट किये गये सदस्य 120.00 रुपये प्रति बैठक की दर से, जो 360.00 रुपये प्रतिमाह से अधिक नहीं होगा, दैनिक भत्ता प्राप्त करने के हकदार होंगे:

परंतु एक दिन में एक से अधिक बैठकों में भाग लेने के लिए उसे एक से अधिक भत्ता प्राप्त करने की पात्रता नहीं होगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जितेन्द्र शुक्ला, संयुक्त सचिव.

नया रायपुर, दिनांक 2 मई 2016

क्रमांक एफ 1-2/2016/18.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 1-2/2016/18 दिनांक 02-05-2016 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जितेन्द्र शुक्ला, संयुक्त सचिव.

Naya Raipur, the 2nd May 2015

No. F 1-2/2016/18 :: In exercise of the powers conferred by Section 355 read with section 353 and 356 of the Chhattisgarh Municipalities Act, 1961 (No. 37 of 1961), The State Government, hereby, makes the following amendment in the Chhattisgarh Municipalities (Remuneration and Allowances of Councillors) Rules 1995, namely :—

AMENDMENT

In the said rules, for rule 3, the following rule shall be substituted, namely:—

3. **Remuneration and daily allowance for meetings—** The Remuneration and daily allowance for meetings shall be payable to President, Vice-President and Councillor of every Municipality and Nagar Panchayat

shall be at the following Rates :—

(1) In Case Of Municipal Councils

(a) President — Rs. 4000.00 remuneration and Rs. 2000.00 entertainment allowance, per month.

(b) Vice-President — Rs. 3000.00 remuneration and Rs. 1000.00 entertainment allowance, per month.

(c) Councillor — Rs. 2500.00 remuneration per month

(d) For participating in the meetings of the Councils and its Committees, the President, Vice-President, Councillors and the members nominated by President in the Ward Committee for participating in the meetings of the concerned Wards Committee, a daily Allowance at the rate of Rs. 195.00 per meeting not exceeding, Rs. 375.00 per month, shall be entitled to receive :

Provided that participating for more than on meeting in a day, he shall not be eligible to get more than one allowance.

(2) In Case Of Nagar Panchayat

(a) President — Rs. 3000.00 remuneration and Rs.1400.00 entertainment allowance, per month.

(b) Vice-President — Rs. 2500.00 remuneration and Rs. 1000-00 entertainment allowance, per month.

(c) Councillor — Rs. 2000.00 remuneration per month

(d) For participating in the meetings of the Councils and its Committees, the President, Vice-President, Councillors and the members nominated by President in the Ward Committee for participating in the meetings of the concerned Wards Committee, a daily Allowance at the rate of Rs. 120.00 per meeting not exceeding, Rs. 360.00 per month, shall be entitled to receive :

Provided that participating for more than on meeting in a day, he shall not be eligible to get more than one allowance.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
JITENDRA SHUKLA, Joint Secretarty.

कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 3 मई 2016

क्रमांक/8857/डी-07/01/2001/पार्ट-2/14-2.—खतरनाक मशीन (विनियमन) अधिनियम, 1983 (1983 का सं. 35) की धारा 37 की उपधारा (1) और (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार एतद्द्वारा, खतरनाक मशीन के उपयोग एवं नियंत्रण के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ :—**

(1) ये नियम छत्तीसगढ़ खतरानक मशीन (विनियमन) नियम, 2016 कहलायेंगे.

(2) ये ऐसी तारीख से प्रवृत्त होंगे, जिसे राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करें और विभिन्न नियमों के लिए विभिन्न तारीखें विनिर्दिष्ट की जा सकेंगी.

2. **परिभाषाएं :–**

(1) इन नियमों मे जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) ''अधिनियम'' से अभिप्रेत है खतरनाक मशीन (विनियमन) अधिनियम 1983 (1983 का सं. 35);

(ख) ''प्ररूप'' से अभिप्रेत है अनुसूची में दिया गया प्ररूप ;

(ग) ''अनुसूची'' से अभिप्रेत है इन नियमों में संलग्न अनुसूची ;

(घ) ''धारा'' से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा ;

(2) शब्द तथा अभिव्यक्तियां, जो इसमें प्रयुक्त हैं किन्तु परिभाषित नहीं है, उनके क्रमशः वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में उनके लिए समनुदेशित हैं.

3. **अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन पत्र का प्रारुप :–**

(1) किसी खतरनाक मशीन के विनिर्माण या विनिर्माता के रुप में कारोबार आरंभ करने या संचालित करने हेतु अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए प्रत्येक आवेदन, नीचे दी गई सारणी के कालम (2) में विनिर्दिष्ट फीस का भुगतान किये जाने पर प्ररुप – एक में किया जाएगा :–

सारणी

जहाँ कारोबार के अनुक्रम में विनिर्माण, विक्रय या व्यवहार किये जाने हेतु प्रस्तावित श्रेणी की प्रत्येक खतरनाक मशीन का मूल्य :–

(1)	(2)
(एक) दो हजार रुपये से अधिक हो किन्तु पांच हजार रुपये से अधिक न हो.	(एक) पांच सौ रुपये.
(दो) पांच हजार रुपये से अधिक हो किन्तु दस हजार रुपये से अधिक न हो.	(दो) एक हजार रुपये
(तीन) दस हजार रुपये से अधिक हो	(तीन) एक हजार पांच सौ रुपये

(2) खतरनाक मशीन के प्रत्येक प्रवर्ग के लिए पृथक आवेदन पत्र आवश्यक होगा।

(3) किसी खतरनाक मशीन के व्यापारी के रुप में कारोबार आरंभ या संचालित करने हेतु अनुज्ञप्ति के लिए प्रत्येक आवेदन उप–नियम (1) में विनिर्दिष्ट फीस का भुगतान किये जाने पर प्ररुप – दो में किया जायेगाः

परन्तु जहां किसी खतरनाक मशीन के विनिर्माण के लिए अनुज्ञप्ति धारण करने वाला विनिर्माता, ऐसी खतरनाक मशीन का सीधे विक्रय उपभोक्ता को करता है तो ऐसे विनिर्माता को व्यापारी के रुप में कारोबार करने के लिए अनुज्ञप्ति लेना आवश्यक नहीं होगी।

4. **अनुज्ञप्ति के नवीनकरण के लिए आवेदन का प्ररुप :–** खतरनाक मशीन के विनिर्माता अथवा व्यापारी के रुप में विनिर्माण करने या कारोबार आरंभ करने या संचालित करने के लिए अनुज्ञप्ति के नवीकरण हेतु प्रत्येक आवेदन पत्र प्ररुप–तीन में किया जायेगा और उसके साथ नियम 3 के उप–नियम में विनिर्दिष्ट फीस देय होगी।

5. **अनुदेश पुस्तिका में सम्मिलित की जाने वाले सावधानियां :–** धारा 15 के अनुसरण में तैयार किये गये प्रत्येक अनुदेश पुस्तिका में निम्नलिखित सावधानियों को सम्मिलित किया जायेगा, अर्थात :–

(एक) कार्य करते समय ढीले कपड़े चुड़ियां (कड़े) और वैसी ही चीजें न पहने ;

(दो) थ्रेसिंग यार्ड या थ्रेसर के पान धुम्रपान न करें और न अग्नि प्रज्वलित करें ;

(तीन) कार्य करते समय मादक वस्तुयें जैसे शराब, अफीम और वैसी ही अन्य वस्तुओं के प्रभाव मे न रहें ;

(चार) जब थ्रेसर चालू हो या ले जाया जा रहा हो, उसके ऊपर खड़े न हो ;

(पांच) पट्टों को पार न करें;

(छः) बालों के सिरों को हाथों से न लगायें दबाव युक्ति का उपयोग करें ;

(सात) जब थके हुए हों तक काम न करें ;
(आठ) बिना रक्षकों और सुरक्षा युक्तियों के थ्रेसर को संचालित न करें ;
(नौ) जब थ्रेसर चालू हो, तो किसी भी प्रकार का सामायोजन न करें ;
(दस) जब पुली गतिशील, हो तो पट्टे को चढ़ाने या उतारने का कार्य न करें ;
(ग्यारह) खिलाने वाली पनाली में सावधान चिन्ह के आगे हाथ न डालें.

6 **धारा 16 के अधीन घोषणा :–** धारा 16 के अधीन की गई प्रत्येक घोषणा प्रारुप चार में की जायेगी.

7 **वह रीति जिसमें रजिस्टर, रिकार्ड और लेखे संधारित किये जायेंगे :–**

(1) प्रत्येक विनिर्माता, प्ररुप–पांच में एक मासिक रजिस्टर संधारित करेगा, जिसमें मास के दौरान उसके द्वारा विनिर्मित प्रत्येक खतरनाक मशीन का क्रमांक तथा अन्य विशिष्टियाँ उपदर्शित की जायेगी.

(2) प्रत्येक विनिर्माता और प्रत्येक व्यापारी, एक रजिस्टर प्ररुप–छः में एक रजिस्टर संधारित करेगा, जिसमें मास के दौरान उसकी अभिरक्षा या नियंत्रण में खतरनाक मशीनों या उनके पुर्जों के मासिक स्टॉक को उपदर्शित किया जायेगा, और स्टाक में बढ़ोत्री अथवा कमी तथा कुल स्टॉक जो अगले माह में अंतरित किया जाये, का विवरण भी रखेगा.

(3) प्रत्येक विनिर्माता या व्यापारी, प्ररुप–सात में मासिक लेखे संधारित करेगा, जिसमें माह के दौरान किये गये संव्यवहारों का मूल्य तथा ऐसे संव्यवहार के संबंध में वसूल किया गया या वसूल की जाने वाली रकम उपदर्शित की जायेगी और जब किसी माह में कोई संव्यवहार न हुआ हो, तो 'निरंक' अभिलिखित किया जायेगा.

8 **खतरनाक मशीनों के उपयोगकर्ता द्वारा पंजीकरण हेतु किये जाने वाले आवेदन पत्र का प्ररुप :–**

(1) खतरनाक मशीनों के उपयोगकर्ताओं द्वारा, उसके पंजीकरण के प्रयोजन हेतु प्रत्येक आवेदन पत्र प्ररुप–आठ में किया जायेगा और जिसके साथ नीचे दी गई सारणी के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट फीस देय होगी :–

सारणी

(1)	(2)
(क) जहां खतरनाक मशीनों का मूल्य पांच हजार रुपये से अधिक न हो.	सौ रुपये
(ख) जहां खतरनाक मशीनों का मूल्य पांच हजार रुपये से अधिक हो.	एक सौ पचास रुपये

(2) नियंत्रक द्वारा आवेदक को दिया गया प्रत्येक पंजीकरण प्रमाण पत्र, प्ररुप–नौ में होगा.

(3) प्रत्येक खतरनाक मशीन का पंजीकरण क्रमांक, मशीन के ढांचे (बाडी) पर या मशीन पर स्थाई रुप से जड़ी हुई पट्टीका पर 10 इंच X 15 इंच की सफेद पृष्ठ भूमि पर काले रंग से रोमन लिपि में स्पष्ट रुप से अंकित किया जायेगा.

(4) धारा 19 की उपधारा (3) में निर्दिष्ट रजिस्टर, प्ररुप–दस में संधारित किया जायेगा.

9 **प्राथमिक उपचार देने के लिये व्यवस्थायें :–** प्रत्येक खतरनाक मशीन के साथ, एक प्राथमिक उपचार पेटी की व्यवस्था रहेगी तथा उसको बनाये रखा जायेगा, जिससे कि मशीन के चालू रहने के समस्त समय के दौरान तत्परतापूर्वक पहुंच में हो सके, जो सफेद पृष्ठ भूमि पर रेड क्रास से विशिष्टतापूर्वक अंकित होगी और वह निम्नलिखित सामग्री से सुसज्जित होगी, अर्थात् :–

(एक) छोटे आकार के छः रोगाणुरहित व्रणोपचार (ड्रेसिंग) ;
(दो) मध्यम आकार के तीन रोगाणुरहित व्रणोपचार;

(तीन) उड़े आकार के तीन रोगाणुरहित व्रणोपचार;
(चार) लम्बे आकार के तीन बर्न व्रणोपचार;
(पांच) मरक्यूरी क्रीम घोल की 100 मि.लि. की एक बोतल ;
(छः) उपयुक्त रोगाणुरोधक घोल की 100 मिलि. की एक बोतल ;
(सात) सालवोलेटाइल घोल की 30 मि.लि. की एक बोतल ;
(आठ) एक कैंची;
(नौ) एडेसिव प्लास्टर का एक रोल;
(दस) अलग–अलग मोहरबंद पैड में रखे रोगाणुरहित आई पेस्ट के छः पीस;
(ग्यारह) एक बोतल जिसमें एस्प्रिन या अन्य कोई दर्द निवारक 100 गोलियां हों (प्रत्येक पांच ग्रेन की);
(बारह) आँख धोने के लिये (आधा लीटर क्षमता की) पोलिपिन की धोने की बोतल;
(तेरह) 60 मि.लि. की एक बोतल जिसमें पोटेशियम परमेंगनेट क्रिस्टल हों;
(चौदह) एक रक्त बंघ (टोर्निकिट);
(पंद्रह) सेफ्टी पिन एक दर्जन;
(सोलह) छः उपयुक्त कमचियॉ (स्पिलिन्ट);
(सत्रह) रुई पर्याप्त मात्रा में;
(अट्ठारह) मशीन के ऑपरेटर/उपयोगकर्ताओं द्वारा बोली जाने वाली भाषा में प्रथमोपचार पत्रिका

10. **नामाकंन का प्रारुप :–**

(1) धारा 22 की उप–धारा (1) प्रथम परन्तुक में निर्दिष्ट नामांकन प्ररुप–ग्यारह में किया जायेगा।

(2) नियंत्रक, धारा 22 की उप–धारा (1) प्रथम परन्तुक के अधीन उसके द्वारा भरे नामांकनों के रजिस्टर को प्ररुप–बारह में रखेगा।

11. **बीमाकर्ता द्वारा निर्धारित किया जाने वाला प्रतिकर :–** धारा 22 की उप–धारा (1) के अधीन देय प्रतिकर की रकम का अवधारण बीमाकर्ता द्वारा धारा 22 की उप–धारा (2) के उपबन्धों के अनुसार किया जायेगा और प्रतिकर की रकम उस रकम के बराबर होगी, जो चालक को उस स्थिति में देय होती, यदि वह कर्मकार प्रतिकर अधिनियम, 1923 (1923 का सं. 8) के अर्थ के अंतर्गत कर्मकार होता।

12. **बीमा राशि को कैसे निर्धारित किया जायेगा :–** प्रत्येक नियोक्ता निम्नानुसार बीमा पॉलिसी लेगा :–

(एक)	(क)	15 अश्वशक्ति तक के पावर थ्रेसर/शक्ति चलित कुट्टी मशीन और शक्ति चलित गन्ना दलित्र (क्रशर).	प्रति मशीन/प्रतिवर्ष 500.00
	(ख)	पावर थ्रेसर/शक्ति चलित कुट्टी मशीन और शक्ति चलित गन्ना दलित्र (क्रशर) जो 15 अश्वशक्ति से अधिक हों, किन्तु 50 अश्वशक्ति से अधिक न हो.	प्रति मशीन/प्रतिवर्ष 750.00
	(ग)	50 अश्वशक्ति से अधिक की अश्वशक्ति के पावर थ्रेसर/शक्ति चलित कुट्टी मशीन और शक्ति चलित गन्ना दलित्र (क्रशर) के लिये.	प्रति मशीन/प्रतिवर्ष 1000.00

(दो) खतरनाक मशीनों के उन चालकों के संबंध में, जिन्हे किसी प्रकार के पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जाता हो, ऐसे चालकों की मजदुरी का राष्ट्रीय मूल्य कर्मकार प्रतिकर अधिनियम 1923 (1923 का सं. 8) की अनुसूची के अनुसार देय प्रतिकर की गणना के प्रयोजन हेतु 4500 रुपये प्रतिमाह नियत किया जा सकेगा.

13. **धारा 26 के अधीन सूचना कैसे परिदत्त की जायेगी :–** धारा 26 की उप–धारा (1) में निर्दिष्ट सूचना, नियोक्ता द्वारा निरीक्षक को, यदि संभव हो, व्यक्तिगत रुप से परिदत्त की जायेगी या जहां इस प्रकार व्यक्तिगत रुप से परिदत्त किया जाना संभव न हो, वहां नियोक्ता ऐसी सूचना, सम्यक् अभिस्वीकृत रजिस्टर्ड डाक से निरीक्षक को भेजेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रदीप कुमार दवे, संयुक्त सचिव.

अनुसूची
(नियम 3 देखिये)

प्ररुप–एक
खनियम 3 (1) देखिये,

खतरनाक मशीनों के विनिर्माता के रूप में उनका विनिर्माण करने/कारोबार आरंभ करने या संचालित करने के लिये अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन पत्र का प्ररुप.

1. आवेदक का नाम :..
2. क्या वह पूर्ण स्वामित्व (सोल प्रोपराइटरशिप) :..
   भागीदारी/पब्लिक लिमिटेड/प्रायवेट लिमिटेड कंपनी/ट्रस्ट है,
3. डाक का पूरा पता :..
4. खतरनाक मशीन जिसके लिये अनुज्ञप्ति अपेक्षित है :..
5. विशिष्टयां तथा अन्य ब्यौरे :..
   (क) व्यापारिक नाम :..
   (ख) संक्षिप्त विवरण :..
   (ग) सभी मापजोख :..
   (घ) मशीन के संचालन हेतु आवश्यक प्राइम मूवर की क्षमता (अश्व–शक्ति में) :..
   (ड़) उत्पादन (क्विंटल/प्रति घण्टा) :..
   (च) चलाने हेतु आवश्यक व्यक्तियों की संख्या :..
   (छ) निर्धारित मानक जिनके कि अनुरुप मशीन है या होगी (मानक विनिर्दिष्ट करें) :..
6. मैं/हम एतद् द्वारा विनिर्माता के रुप में विनिर्माण आरम्भ करने/कारोबार चलाने, के लिये आवेदन करते हैं, अनुज्ञप्ति फीस रु. नगद/चैक द्वारा रसीद नं. .... दिनांक .... द्वारा (संलग्न है) जमा किये जा चुके हैं,
7. (एक) मैं/हम घोषित करते हैं कि विनिर्मित की जाने वाली मशीन (विनियमन) अधिनियम, 1983 द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरुप होगी (उन आवेदकों के लिये विनिर्माता के रुप में कारोबार आरम्भ करना प्रस्तावित करते हैं)
   (दो) मैं/हम घोषित करते हैं कि हमारे द्वारा विनिर्मित की जाने वाली खतरनाक मशीनें धारा 13 के अधीन विनिर्दिष्ट मानकों का अनुवर्तन करेगा (उन आवेदकों के लिये जो कारोबार चलाना प्रस्तावित करते हों)
   [7. (एक) या (दो) में से जो लागू न हो, काट दीजिये)]

दिनांक...................................
स्थान ....

आवेदक के हस्ताक्षर
पदनाम

प्ररूप — दो

[नियम 3 (2) तथा (3) देखिये]

खतरनाक मशीन के व्यापारी के रुप में कारोबार आरंभ करने या संचालित करने की अनुज्ञप्ति के लिये आवेदन पत्र का प्ररूप

1. आवेदक का नाम :..
2. क्या वह पूर्ण स्वामित्व/भागीदारी फर्म आदि है? : :..
3. पूरा पता :..
4. खतरनाक मशीन (मशीनें) जिनके लिये अनुज्ञप्ति :..
   अपेक्षित है (प्रत्येक का व्यापारिक, नाम तथा संक्षिप्त विवरण दीजिये)
5. क्या मशीनें विहित मानकों के अनुरुप है? :..
   (कौन से नामकों के अनुरुप है, उपदर्शित करें)

6

विनिर्माता का नाम	क्या खतरनाक मशीन (विनियमन) अधिनियम, 1983 के अधीन अनुज्ञप्ति धारी हैं ?	यदि हां, तो अनुज्ञप्ति का क्रमांक तथा दिनांक अनुज्ञप्ति देने वाले प्राधिकारी का नाम
(1)	(2)	(3)

टीप :— उपरोक्त (5) या (6) के अधीन दी गई जानकारी, सत्यापन के अध्यधीन रहते हुए, अनुज्ञप्ति स्वीकार करने के लिये पर्याप्त समझी जायेंगी।

7. मैं एतद्द्वारा खतरनाक मशीनों के व्यापारी के रुप में कारोबार आरम्भ/संचालित करने के लिये आवेदन करता हूँ। अनुज्ञप्ति फीस रु. .... नगद में रसीद क्र. .... दिनांक .... (संलग्न है) द्वारा जमा की जा चुकी है।

8. मैं/हम घोषणा करते हैं कि मैं/हम ऐसी मशीनों का, जो खतरनाक मशीन (विनियमन) अधिनियम, 1983 (1983 का सं. 35) के अधीन विहित मानकों के अनुरुप नहीं होंगी, कारोबार नहीं करेंगे।

दिनांक ....

स्थान ....

आवेदक के हस्ताक्षर

पदनाम

प्ररुप — तीन

(नियम 4 देखिये)

खतरनाक मशीन के विनिर्माता या व्यापारी के रुप में उनका विनिर्माण करने, कारोबार आरम्भ या संचालित करने के लिए अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिये आवेदन–पत्र का प्ररूप

1. आवेदक का नाम :..
2. पूरा पता :..
3. अनुज्ञप्ति जिनका नवीकरण चाहा गया है, के ब्यौरे
   (एक) अनुज्ञप्ति क्रमांक तथा दिनांक :..
   (दो) वैधता की कालावधि :..
4. अनुज्ञप्ति नवीकरण फीस रु. .... नगद/चैक में रसीद क्रमांक .... दिनांक .... (संलग्न है) द्वारा जमा की जा चुकी है,

दिनांक ....

स्थान ....

आवेदक के हस्ताक्षर

पदनाम

प्ररुप — चार

(नियम 6 देखिये)

अधिनियम के अधीन खतरनाक मशीनों के पंजीकरण के लिये घोषणा का प्ररुप, तीन प्रतियों में दिया जाये

मैंने/हमने दिनांक .... को श्री ....

मेसर्स ....

(नाम) ....

(पता) ....

को निम्नलिखित वर्णित ब्यौरे की मशीन ....

(संख्या दीजिये)

(मशीन का नाम) विक्रय/किराये/ठेके पर दिनांक ....को अन्तरित कर दी है/प्रदाय कर दी है, (जो लागू न हो, काट दीजिये).

यह प्रमाणित किया जाता है. यह नियम द्वारा या उनके अधीन बनाये गये अन्य नियमों के अधीन अधिकथित मानकों के अनुरुप है :–

1. निर्माता तथा मॉडल :..
2. मशीन का अनुक्रमांक :..
3. विनिर्माण का वर्ष :..
4. अश्वशक्ति/किलोवाट :..
5. क्षमता :..

दिनांक ....

स्थान ....

हस्ताक्षर

पदनाम

पता..

प्ररुप — पांच

[नियम 7 (1) देखिये]

विनिर्माता द्वारा संधारित किये जाने वाले रजिस्टर का प्ररुप

अनुक्रमांक	विनिर्माता का माह तथा वर्ष	मशीन में संक्षिप्त ब्यौरे तथा प्राइम/मूवर (यदि मशीन के साथ प्रदाय किया जाए) का माडल तथा आकार
(1)	(2)	(3)

प्ररुप — छः

[नियम 7 (2) देखिये]

विनिर्माता/व्यापारी द्वारा संधारित किये जाने वाले स्टॉक का रजिस्टर

सं. क्र.	मशीन के संक्षिप्त विवरण निर्माता, मॉडल, क्षमता	दिनांक	प्रारंभिक स्टॉक की विशिष्टियां	माह के दौरान प्राप्त स्टॉक की विशिष्टियां	माह के दौरान बिक्री की गयी, अन्तरित या अन्यथा व्ययन की गई मशीन की विशिष्टियां	बंद स्टॉक की विशिष्टियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

प्ररुप — सात

[नियम 7 (3) देखिये]

मासिक स्टॉक लेखा का रजिस्टर

दिनांक	प्रारंभिक स्टॉक की विशिष्टियां	मास के दौरान बेचे गये, अंतरित किये गये या अन्यथा व्ययन किये गये स्टॉक की विशिष्टियां	मास के दौरान प्रत्येक संव्यवहार के संबंध में प्राप्त या प्राप्त होने वाली रकम	माह के दौरान प्राप्त की गई कुल रकम	संबंधित माह के विकलनीय कुल व्यय	संबंधित माह में विकलनीय कुल प्राप्त या हानि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)

प्ररुप — आठ

[नियम 8 (1) देखिये]

घोषणा का प्ररुप

उपभोक्ता द्वारा खतरनाक मशीनों के पंजीकरण के लिये आवेदन–पत्र का प्ररुप

मैंने/हम (नाम) .... पता .... मशीन जिसकी विशिष्टियां नीचे दी गई हैं, का स्वामी हू/हैं उस पर (किरायेदार/पट्टेदार या अन्यथा के रुप में) नियंत्रण अर्जित कर लिया है और उसके रजिस्ट्रीकरण के लिये आवेदन करता हूं/करते हैं, अर्थात् :–

(क) मशीन का नाम और क्रमांक :...

(ख) निर्माता/मॉडल :...

(ग) क्रय/किराये/पट्टे या अन्य प्रकार से अन्तरण का दिनांक/वर्ष :...

(घ) प्रदायकर्ता/अन्तरकर्ता का नाम और पता : ....

इस प्रभाव का प्रमाण–पत्र कि मशीन विहीत मानकों के अनुरुप हैं, संलग्न है,

प्रमाणित किया जाता हूं कि मैं/हम अधिनियम के प्रवृत्त होने के पूर्व से मशीन का उपयोग कर रहे है और मशीन मानकों के अनुरुप है या इस प्रकार उपांतरित की गई है जिससे कि वह विहित किये गये मानकों के अनुरुप बन गई है, रजिस्ट्रेशन फीस रुपये .... प्रति मशीन नगद/चैक/चालान क्रमांक .... दिनांक .... द्वारा जमा की जा चुकि है और रसीद क्रमांक संलग्न है।

(जो लागू न हो, काट दीजिये)

दिनांक ....

स्थान ....

....

हस्ताक्षर तथा पता

प्ररुप — नौ

[नियम 8 (2) देखिये]

नियंत्रक द्वारा उपयोगकर्ता को दिये जाने वाले प्रमाणपत्र का प्ररुप

पंजीकरण क्र. ....

1. उपयोगकर्ता का नाम :...
2. नाम (पिता/पति का) :...
3. पता :...

उपयोग में लाई गई, मशीन की विशिष्टियां

1. उपयोग में लाई गई खतरनाक मशीन का नाम :...
2. निर्माता तथा मॉडल :...
3. विनिर्माण के वर्ष के साथ प्रदायकर्ता का/अन्तरणकर्ता का नाम तथा पता :...
4. मशीन का सरल क्रमांक, यदि कोई हो, :...

दिनांक ....

स्थान ....

....

पंजीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर तथा मुद्रा

(नियंत्रक)

प्ररुप — दस

[नियम 8 (3) देखिये]

धारा 19 (3) के अधीन नियंत्रक द्वारा संधारित किये जाने वाले रजिस्टर का प्ररुप

स. क्र.	खतरनाक मशीन का नाम	निर्माता द्वारा (पुरा पता दीजिये)	प्रदायकर्ता द्वारा (उसका पूरा पता दीजिये)	निर्माता, मॉडल, क्षमता और मशीन का स.क्र. यदि कोई हो	क्या नई मशीन है या पुरानी उपरान्तरित मशीन है ?	स्वामित्व की/ द्वारा उपयोग की गई (यहां नाम तथा पूरा पता दीजिये)	पंजीकरण स्वीकार किये जाने का दिनांक
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)

प्ररुप — ग्यारह

[नियम 10 (1) देखिये]

धारा 22 की उप–धारा (1) के प्रथम परन्तुक के अधीन किये जाने वाले नामनिर्देशन पत्र का प्ररुप

मैं (नाम) .... आत्मज (नाम) ....
निवासी (पता) ....का कोई परिवार नहीं है तथा परिणामतः मैं खतरनाक मशीन के दौरान मेरी मृत्यु होने की दषा में एतद् द्वारा श्री (नाम) .... पुत्र/पुत्री (नाम) ....निवासी (पता) .... को अधिनियम के अधीन देय प्रतिक का पूरा भुगतान पाने के लिये नामनिर्दिष्ट करता हूं।

दिनांक ....

स्थान ....

हस्ताक्षर ....

पूरा नाम ....

साक्षी

....

(नाम)

....

पता

....

प्ररुप – बारह
[नियम 10 (2) देखिये]

नियंत्रक द्वारा संधारितकिये जाने वाले रजिस्टर का प्ररुप

स. क्र.	से प्राप्त (नामांकन करने वाले ऑपरेटर का पूरा नाम तथा पता	ऑपरेटर के नियोक्ता का नाम	नाम नामनिर्देशितों का नाम तथा पूरा पता	टिप्पणियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

नया रायपुर, दिनांक 3 मई 2016

क्रमांक/8857/डी-07/01/2001/पार्ट-2/14-2.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना क्रमांक/8857/रायपुर दिनांक 03-05-2016 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
प्रदीप कुमार दवे, संयुक्त सचिव.

Naya Raipur, the 3rd May 2016

No./8857/D-07/01/2001/Part-2/14-2.—In exercise of the powers conferred by sub-sections (1) and (2) of section 37 of the Dangerous Machines (Regulation) Act. 1983 (No. 35 of 1983) the State Government, hereby, makes the following rules relating to use and control of dangerous machines, namely :—

RULES

1. **Short title and commencement :—**
   (1) These rules may be called the Chhattisgarh Dangerous Machines (Regulation) Rules 2016.

   (2) It shall come into force on such date as the state Government may, by notification specify, and different dates may be specified for different rules.

2. **Definitions.—**
   (1) In these rules, unless the context otherwise requires, —
      (a) "Act" means the Dangeious Machines Act. 1983 (No 35 of 1983);
      (b) " Form" means a form given to the schedule;
      (c) "Schedule" means Schedule appended tothese rules;
      (d) "Section" means a section of the Act.

   (2) Words and expressions used herein but not defined shall have the same meaning as respectively assigned to them under the Act.

3. **Form of application for licence —**

(1) Every application for the issue of a licence to manufacture, or commence or carry on business as a manufacturer of any dangerous machine shall be made in FORM-I on payment of the fee specified in column (2) of the table below :—

TABLE

WHERE the value of each dangerous machine of a category proposed to be manufactured, sale or dealt within the course of business :—

1		2
(i)	Exceeds two thousand rupees but does not exceed five thousand rupees	(i) Five hundred rupees
(ii)	Exceeds five thousand rupees but does not exceed ten thousand rupees	(ii) One thousand rupees
(iii)	Exceeds ten thousand rupees	(iii) One thousand five hundred rupees

(2) For each category of dangerous machine a seprate application shall be required.

(3) Every application for a licence to commence or to carry on business as a dealer of any dangerous machine shall be made in FORM-II on payment of the fee specified in sub-rule (1);

Provided that where a manufacture holding a licence for the manufacture of any dangerous machine, sells such dangerous machine directly to a user, such manufacture shall not be required to take out a lincee to carry on business as a dealer.

4. **Form of application for renewal of licence —** Every application for the renewal of a licence to manufacturer or to commence or to carry on business as a manufacture or dealer of a dangerous machine shall be made in Form III and Shall be accompanied by a fee specified in sub rule (1) of rule 3

5. **Cautions to be included in the manual of instruction—** Every mannual of instructions prepared in pursuance of secton 15 shall includes therein the following cautions, namely:—

(i) do not wear loose,dress bangles and the like while working ;

(ii) do not smoke and light fire near the threshing yard or the thresher ;

(iii) do not be under the influence of intoxicants like liquor opium and the like while working;

(iv) do not stand on the thresher while it is in operation or during its transpofation ;

(v) do not cross over the belts ;

(vi) do not feed earheads by hand use pushing device ;

(vii) do nor uorl when tired ;

(viii) do not operate the thresher without guards and other safety devices ;

(ix) do not make any adjustment when the thresher is in operation ;

(x) do not put or take off, belt when the pulley is running ;

(xi) do not insert your hand beyond the caution mark in the feeding chute.

6. Declaration under section :- 16 Each declaration made under section 16 shall be made in form IV.

7. **Manner in which Register Records tnd Accounts shall be maintained.—**

(1) Every manufacturer shall maintain a monthly register in Form V indicating therein, the number and other particulars of each dangerous machine manufactured by him during the month.

(2) Every manufacture and every dealer shall maintained a register in Form VI indicating thereing the monthly stock of dangerous machines or prats thereof in his custody or control during the month , and also the particulars of the addition to, or substraction from the stock and the total stock carried over to the next month

(3) Every manufacture or a dealer shall maintain a monthly account in Form VII indicating therein the value of the transactions which have take place in the course of the month and the amount realised, or to be realised in connection with such transactions and when no transactions take place in any month, a 'Nil' Record shall be made.

8. **Form in which applicton to be made for the registaton by the user of dangerous machine :—**

(1) Every applicton by the usrers of dangetous machines the registration there of shall be made in Form VIII and shall be accompanies by the fee specificed in colum (2) of the Table below

TABLE

(1)	(2)
(a) where the value of the dangerous machines does not exceed five hundred urpees.	Hundred rupees
